चुटकुले

श्री रामचन्द्र लोवरा

अनुसंधान सहायक (क्षे. के. जम्मू)

अध्यापक : उसने आत्म हत्या कर ली, और उसे आत्म हत्या करनी पड़ी, इन दोनों वाक्यों का अन्तर स्पष्ट कीजिए ?

विद्यार्थी : प्रथम वाक्य से व्यक्ति के अविवाहित और दूसरे से विवाहित होने की पुष्टि होती है ।

रामू (दोस्त से) : यार, मैं पिता जी को कैसे लिखूं कि मैं इस बार भी फेल हो गया हूँ ।

दोस्त : तुम ऐसे लिखो कि "पिता जी, पेपरों का नतीजा आ गया है परन्तु कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है" ।

निर्देशक (हीरो से) : इस सीन में तुमको चौथी मंजिल से कूदना है ।

हीरो : परन्तु इसमें तो जान का खतरा है ।

निर्देशक : फिक्र मत करो, यह फिल्म का लास्ट सीन है ।

एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ के क्लीनिक के बाहर रोज एक व्यक्ति आ कर खड़ा हो जाता था और चैक-अप के लिए आने वाली हर महिला को घूर-घूर कर देखता रहता था । एक दिन महिलाओं ने इसकी शिकायत डॉक्टर से की । एक रोज डॉक्टर ने उस व्यक्ति को डाँटते हुए पूछा कि तुम यहाँ खड़े होकर महिलाओं को क्यो देखते रहते हो ?

जी आपने ही तो बोर्ड लगवा रखा है कि महिलाओं को देखने का समय सुबह दस बजे से बारह बजे तक, व्यक्ति ने रुक-रुक कर जवाब दिया ।

***